## खबर संक्षेप

### जिला जेल के बंदी की संदिग्ध स्थिति में मौत

**कटनी।** जिला जेल कटनी में निरुद्ध एक बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की गहन जाँच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रमेश पटेल 56 वर्ष पिता रामलाल पटेल के रूप में हुई है, जो जिला जेल कटनी में निरुद्ध थे। बताया जा रहा है कि शनिवार की दरमियानी रात बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी ले जाया गया। जब बंदी को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, बंदी को जब अस्पताल लाया गया था, तब वह मृत अवस्था की स्थिति में था। घटना की सूचना थाने में दी गई। माधवनगर पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज किया है। जेल के भीतर बंदी की मौत के बाद तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। फिलहाल पुलिस मौत के असली कारणों का पता लगाने के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतज़ार कर रही है।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चरी में बिजली करंट लगने से एक महिला की जान चली गई। जानकारी के अनुसार चन्दाबाई पटेल 55 वर्ष पति वृन्दावन पटेल निवासी ग्राम चरी शनिवार सुबह घर के कार्यों के दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गईं। परिजनों द्वारा उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना पर कैमोर पुलिस ने मर्ग क्रमांक दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### युवकों ने लगाई फांसी

**कटनी।** बड़वारा थाना के ग्राम बनहरी में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। युवक का शव उसके अपने ही खेत में पेड़ से लटका पाया गया। मृतक की पहचान भंवर सिंह 21 वर्ष पिता स्व. नारायण सिंह मरावी निवासी ग्राम बनहरी के रूप में हुई। घटना 13 मार्च की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। शनिवार सुबह जब परिजनों ने युवक को खेत में फांसी पर लटका देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। इसी तरह रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम नयाखेड़ा में एक युवक की फांसी लगाने से मौत हो गई। मृतक राममनोहर 22 वर्ष पिता भंगी पटेल 12 मार्च की रात से लापता था। काफी खोजबीन के बाद 14 मार्च की सुबह करीब 09:00 बजे उसका शव कन्छेदी गड़ारी के खेत में महुआ के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है कि युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

### चंदन के पेड़ों को काट कर ले गये बदमाश

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छहरी में बीती रात अज्ञात शातिर चोरों ने एक निजी बगीचे में घुसकर कीमती चंदन के पेड़ों को काटकर चंपत हो गए। जानकारी के अनुसार कमलेश कुशवाहा निवासी ग्राम छहरी के बगीचे को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने बड़ी सफाई से चंदन के पेड़ों को काटा और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गए। चोरों ने पेड़ों को काटने के दौरान बगीचे की अन्य संपत्तियों को भी काफी नुकसान पहुँचाया है। घटना की जानकारी तब लगी जब सुबह मालिक बगीचे में पहुँचा। कमलेश कुशवाहा ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह किसी संगठित गिरोह का काम हो सकता है जो कीमती लकड़ियों की तस्करी में शामिल है। पुलिस ने मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं आरोपियों की तलाश की जा रहीहै।

**कटनी-पन्ना मार्ग एवं रैपुरा के पास हुए सड़क हादसे, जांच में जुटी पुलिस**

# अलग अलग हादसों में दो युवकों की हुई मौत, दो गंभीर रूप से हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनो ही मामलों में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पहला हादसा पन्ना-कटनी मुख्य मार्ग पर रविवार को हुआ। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पड़ोसी शाहनगर थाना क्षेत्र के केन नदी के पास हुआ, जहाँ सड़क के गड्ढों से बचने की कोशिश में एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण ट्रक चालक गड्ढे से बचने की कोशिश कर रहा था तभी वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गलत दिशा में आ गया और सामने से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। एक युवक ट्रक के नीचे बुरी तरह फंस गया था, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

हादसे का शिकार हुए तीनों युवक कटनी निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में भारत केवट 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा, राजकुमार केवट 24 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा, अमित केवट 28 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा थाना विजयराघवगढ़ शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये तीनों एक सीमेंट प्लांट में काम करते थे और रविवार की छुट्टी होने के कारण बाइक से अपने घर जा रहे थे और हादसे का शिकार हो गये। हादसे के बाद वन रक्षक आशीष पांडेय, राजकमल पांडेय और अन्य राहगीरों ने सक्रियता दिखाते हुए घायलों की मदद की। सूचना मिलते ही शाहनगर पुलिस मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया है।

### हादसे में घायल युवक की मौत

इसी तरह रीठी-मैहर मुख्य मार्ग पर ग्राम रैपुरा के पास हुए एक सड़क हादसे में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक दिलीप सिंह गौड़ 28 वर्ष पिता ज्ञान सिंह गौड़ निवासी ग्राम जमुनिया थाना रीठी गत दोपहर करीब 12 बजे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण दिलीप सिंह की मृत्यु हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। रीठी पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया।



## रेत के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर व ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं एस डी ओ पी महोदय स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के मार्गदर्शन में चौकी सिलौडी थाना ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।दिनांक 15.03.2026 को चौकी सिलौड़ी थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को दतला घाट दसरमन के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली में रेत भरे होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम अरविंद सोनी पिता जगदीश प्रसाद सोनी उम्र 45 साल नि. दसरमन चालक से ट्रैक्टर चलाने का लाइसेंस तथा ट्रैक्टर-ट्राली में भरी रेत के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर ट्रैक्टर-ट्राली में भरी रेत को अवैध रूप से परिवहन किया जाना पाए जाने पर पुलिस द्वारा मौके पर गवाहों के समक्ष ट्रैक्टर मय एक ट्राली रेत सहित जप्त किया गया।जप्तशुदा ट्रैक्टर-ट्राली को सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 106 बी.एन.एस. एस. के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय , प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा , आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा की विशेष भूमिका रही।

## कटनी, ढीमरखेड़ा सहित रीठी में आज लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्पख से समाधान अभियान के तहत सोमवार16 मार्च को विकासखंड कटनी (एम कार्पोरेशन), ढीमरखेड़ा और रीठी में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्तख आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 16 मार्च को कटनी कार्पोरेशन में वार्ड नं 38 डॉ जाकिर हुसैन वार्ड, वार्ड नं 39 बाबा नारायण शाह वार्ड, वार्ड नं 40 हेमूकलाणी वार्ड, वार्ड नं 41 आचार्य कृपलानी वार्ड, वार्ड नं 42 संत कंवरराम वार्ड, वार्ड नं 43 महाराणा प्रताप वार्ड, वार्ड नं 44 विश्राम बाबा वार्ड, वार्ड नं 45 रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के लोगों के लिए जोन क्रमांक 06 उप कार्यालय माधवनगर में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेडा में ग्राम इमलिया, कनौजा, धरवारा, पड़रभटा, पौनिया, बरेली, भटगवा, भूला, मझगवा, (बडखेरा), मढाना, सरसवाही, सैलापुर ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत धरवारा में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड रीठी में ग्राम कैमोरी, करहिया, खम्हरिया, खरखरी, धुधर, घोघरा, ढुढरी, पिपरिया, बडखेरा, बडागाव, रैपुरा ग्राम के लोगों के लिए पंचायत भवन प्रांगण खम्हररिया 2 में शिविर का आयोजन किया गया है।

**ग्राम पंचायत सिलौड़ी का मामला, खुदी सड़कों से बढ़ी समस्या**

## 4 साल से अधूरा पड़ा जल जीवन मिशन का कार्य, पानी के लिए ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

ग्राम पंचायत सिलौंडी में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन चार साल बीतने के बाद भी ग्रामीणों को नल से पानी नहीं मिल सका है। गर्मी शुरू हो गई है ऐसे में पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। ऐसे में लोग एक एक गुम्बे पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। जहां सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत दो करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से योजना चार वर्ष बाद भी अपना मूर्तरूप नहीं ले पाई है। केवल पानी का ढांचा तैयार नहीं हो पाया है पूरे गांव में जगह जगह पाइप लाइन बिछाने का कार्य अभी तक शुरू नही हुआ।



चांदनी चौक में आधी रोड खुदाई कर छोड़ दी है जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।अभी तक पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ । आंशिक रूप से पाइपलाइन भी बिछाई गई है लेकिन अभी तक समुचित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।इसके उलट, जगह-जगह खुदी सड़कें समस्या का कारण बन गई हैं, अभी तक गांव में भी अभी तक जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है। इसी तरह पाइपलाइन का काम अधूरा है और पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। खासकर हरिजन वार्ड भारत नगर में वंशकार समाज के अधिकांश लोग पीने के पानी के लिए परेशानियां उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बावजूद पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। भारत नगर के लोगों बताया कि एक एक गुम्बे पानी के लिए सुबह से परेशान होना पड़ रहा है और आने वाले दिनों में तपती धूप और गर्मी में पेयजल की समस्या और विकराल हो जाएगी।

वहीं दूसरी ओर विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य ग्रामों में भी योजना के क्रियान्वयन की स्थिति ऐसी ही है, जहां काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।इन सभी ग्रामों में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### घरों के आसपास जमा न होने दें गंदा पानी, रखें साफ सफाई

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर में वृहद स्तर पर फॉगिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान विशेष नगर के समस्त वार्डों में चलाया जा रहा है ताकि ग्रीष्म ऋतु के दौरान मच्छरों एवं मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार की संभावना उत्पन्न न हो सके।फॉगिंग के साथ-साथ टीम द्वारा नागरिकों को अपने घरों एवं आसपास पानी जमा न होने देने तथा स्वच्छता बनाए रखने की भी समझाइश दी जा रही है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए घरों के आसपास साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और स्वच्छता अभियानों में सहयोग प्रदान करें।

## अब 7 अप्रैल से शुरू होगी गेहूँ की खरीदी, 52 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तिथि में संशोधन किया गया है। अब जिले में गेहूँ की खरीदी 7 अप्रैल से शुरू होगी।गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक (शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) किया जाएगा।

समर्थन मूल्यक पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया समाप्ती हो चुकी है। 7 फरवरी से शुरू हुये पंजीयन प्रक्रिया में कटनी जिले के 52 हजार 951 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए थे।

### पंजीयन में बहोरीबंद अग्रणी

समर्थन मूल्यह पर गेहूँ उपार्जन हेतु तहसील बहोरीबंद में 10 हजार 826, ढीमरखेड़ा में 9 हजार 748 और विजयराघवगढ़ में 6 हजार 780 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार तहसील रीठी में 5 हजार 411, बड़वारा में 5 हजार 43 और बरही में 4 हजार 87 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा तहसील कटनी नगर में 2 हजार 951 व कटनी में 2 हजार 778 किसनों ने अपना पंजीयन कराया है।

इस वर्ष 2 हजार 625 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से गेहूँ का उपार्जन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2 हजार 585 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। वहीं म.प्र. सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा।

### भुगतान हेतु बैंक खाता

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

**कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हवारा में दबंगों ने मचाया उत्पात**

## माफिया के गुर्गों ने घर में घुसकर की जमकर मारपीट, थाना पहुंच बताई पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत कन्हवारा गांव से वन विभाग की जमीन पर अवैध उत्खनन का विरोध करने और उसका वीडियो बनाने की सजा आदिवासियों को अपनी जान दांव पर लगाकर भुगतनी पड़ रही है। गत दरमियानी रात करीब 2 बजे जब पूरा गांव सो रहा था, तब आधा दर्जन वाहनों में भरकर आए खनन माफियाओं के गुर्गों ने दलित और आदिवासी परिवारों के घरों पर धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ितों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध मुरूम, बॉक्साइट और आयरन ओर के उत्खनन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसी से नाराज होकर माफियाओं ने इस कांड को अंजाम दिया। पीड़ित सुखदेव प्रसाद कोल ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने न केवल उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। माफियाओं के गुर्गों ने महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। घर में मौजूद एक दो माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट की गई और उसे जमीन पर पटक दिया गया। केशकली कोल ने बताया कि जब उन्होंने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो दबंगों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा।



पीड़ित गोरेलाल कोल ने बताया कि दबंगों ने उनके घर का दरवाजा तोड़कर उन्हें जबरन गाड़ी में डाला और सीधे उस खदान पर ले गए जहाँ अवैध उत्खनन चल रहा था। वहां लात-जूतों और बेल्टों से उनकी इतनी पिटाई की गई कि उनकी पूरी पीठ गहरे जख्मों से लाल हो गई है। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों को सफेदपोशों और अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण पुलिस उन पर हाथ डालने से कतराती है। आहत आदिवासी परिवार कुठला थाने पहुंचे। उनकी मांग है कि दोषियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

**निगम आयुक्त ने अधिकारी, कर्मचारियों को सौपे दायित्व**

## ईद उल फितर पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ईद-उल-फितर का त्योहार चांद दिखनें अनुसार 20 मार्च या 21 मार्च को मनाया जायेगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा एक आदेश जारी करते हुए नगरीय सीमान्तर्गत मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र, ईदगाह, मस्जिदों, कब्रिस्तान में साफ-साफ, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था , आवारा मवेशियों पर नियंत्रण एवं गड्ढों की मरम्मत आदि कार्यो हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, ईदगाह, मस्जिदों, कब्रिस्तान के आसपास के मार्गो के गड्ढे की आवश्यकतानुसार मरम्मत हेतु कार्यपालन यंत्री असित खरे के साथ दो सहायक यंत्री एवं तीन उपयंत्री को दायित्व सौपा गया है। वहीं उक्त स्थलों मे साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, आवारा मवेशियों पर नियंत्रण हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी 7 क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि आवश्यकतानुसार टैंकर से शुद्ध पेयजल का व्यवस्था का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को सौंपा गया है।

निगमायुक्त तपस्या परिहार नें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र, ईदगाह, मस्जिदों, कब्रिस्तान आदि के पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री आदेश जैन एवं उपयंत्री मोना करेरा को, पुलिस कंट्रोल रूम से समन्वय कर फायर बिग्रेड वाहन मय स्टॉफ के उपलब्ध कराने हेतु सहित ईद के दौरान नगर में पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाकर सौंपी गई व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

### स्वच्छता की मॉनिटरिंग

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम के नियुक्त अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से वार्ड स्तर पर की जानें वाली सफाई व्यवस्था की मानिटरिंग की जा रही हैं। मानिटरिंग के दौरान सफाई व्यवस्था में कमियां पाए जानें पर उनका दुरूस्तीकरण कराते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखनें के प्रयास निरंतर जारी है।

सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं आवासीय बस्तियों में साफ-सफाई की व्यवस्था का विशेष रूप से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कचरे का समय पर संग्रहण एवं परिवहन किया जाए तथा कहीं भी गंदगी या कचरे का जमाव न हो। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा सफाई कार्यों के साथ-साथ जन जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। नोडल अधिकारी एवं आईसी टीम द्वारा क्षेत्रीय पार्षद की मौजूदगी में नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने तथा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया।

## छात्राओं को भू नाडेप खाद एवं बीजामृत निर्माण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में इंटर्नशिप कर रही छात्राओं को प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अंतर्गत भू नाडेप द्वारा कंपोस्ट निर्माण के अंतर्गत प्रशिक्षण में बतलाया गया कि यह जमीन के ऊपर तैयार किया जाने वाली संरचना है। इसमें ग्राम में कचरा, गोबर आदि सामग्री को व्यवस्थित कर 4 से 5 फीट ऊंचाई का एक आयताकार ढेर बना दिया जाता है। खाद बनाने के लिए कचरे को गीलाकरना आवश्यक है। इस ढेर को चारों तरफ से गीली मिट्टी से छपाई कर बंद कर दिया जाता है। बंद करने के दो से तीन दिन बाद जब मिट्टी कड़ी हो जाए तब गोल या आयताकार 7 से 8 इंच गहरी तथा नौ नौ इंच के अंतर पर छिद्र बना दिए जाते हैं, जिससे वायु संचार बना रहता है तथा आवश्यकतानुसार पानी डालते रहते हैं। यह कंपोस्ट खाद 90 से 120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। अच्छी तरह पक्की हुई भुरभुरी भूरे रंग की दुर्गंध रहित होती है।इस खाद में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं तथा तीन वर्ष तक खाद का असर खेत में बना रहता है, जिससे बाजार पर निर्भरता कम होती है तथा खेती की लागत में कमी आती है।

प्रशिक्षण में फसलों में उगरा, जड़ सड़न, पौध गलन,कंडवा आदिरोगों के नियंत्रण के लिए जैविक बीज उपचार बीजामृत बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 5 किलोग्राम एवं गोमूत्र 5लीटर, बुझा हुआ चूना ढाई सौ ग्राम, पानी 20 लीटर आदि वस्तुओं को ड्रम मं। घोलकर 24 घंटे के लिए रख देते हैं। दिन में दो बार लकड़ी से हिलाया जाता है अब इस घोल को बीजों के ऊपर डालकर बीजकी सिंचाई करें और छाया में रखें बाद में बीज को सुखाकर बोनी करने का तकनीकी प्रशिक्षण एवं बनाकर विद्यार्थियों को दिखाया गया।

छात्राओंको एजोला चार गड्ढा विधि से केंचुआ खाद निर्माण का अवलोकन कराया गया। महाविद्यालय के वनस्पति उद्यान में इन संरचनाओं के अवलोकन एवं भ्रमण के समय प्रोफेसर श्रीमती ज्योत्सना आठ्या एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### रेलवे लाइन किनारे घायल मिला अधेड़

**कटनी।** बीना रेलखंड पर स्थित पटोरा रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति लहूलुहान और गंभीर हालत में मिला। रेलवे लाइन के किनारे अधमरी स्थिति में पड़े इस व्यक्ति को रेल कर्मचारियों और पुलिस की मदद से तत्काल रीठी के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे पटोरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मचारियों की नजर रेलवे लाइन के समीप पड़े एक अधेड़ पर पड़ी। व्यक्ति की हालत बेहद चिंताजनक थी जिसे देखते हुए कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का जायजा लिया। घायल व्यक्ति को 108 एंबुलेंस की मदद से रीठी के शासकीय अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। फिलहाल घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और थानों में संपर्क कर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

### श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना

**कटनी।** असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगारों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना शुरू की गई है। इसके पात्रता के लिए आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम हो। उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में श्रमिक और सरकार द्वारा अंशदान दिया जाता है। अंशदान की राशि श्रमिक की आयु अनुसार 55 रूपये से 200 रुपये तक निर्धारित है। यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो पति,पत्नी को पेंशन का 50 प्रतिशत (1500 रूपये) दिये जाने के प्रावधान है। इस योजना में पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर अथवा maandhan.in Portal पर आधार कार्ड और बैंक खाते के साथ किया जा सकता है।

### ढीमरखेड़ा न्यासयालय में लोक अदालत आयोजित

**कटनी।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ढ़ीमरखेड़ा न्याायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्रयासी, जयप्रकाश नारायण शुक्ला, अटल बिहारी बाजपेयी, रमेश पटेल अधिवक्ता व अन्य अधिवक्तागण के साथ-साथ न्यायालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### चना और मसूर खरीदी के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च

**कटनी।** रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्यं के तहत ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च है। कलेक्टकर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु भी पंजीयन किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी किसानों से निर्धारित समय में अपना पंजीयन कराने की अपील की है। चना एवं मसूर के पंजीयन के दौरान इस वर्ष खरीदी केन्द्रों द्वारा उपज खरीदने से पहले कृषकों की वास्तविक पहचान के लिए आधार का सत्यापन सक्षम पी.ओ.एस. मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण कर वास्तविक किसान का सत्यापन किया जावेगा, क्योकि विगत वर्षों की भांति ओ.टी.पी मान्य नहीं होगा। यदि कृषक खरीदी केन्द्र पर स्वयं उपस्थित न हो पाये तो अपनी फसल के विक्रय हेतु पंजीयन के समय 3 अधिकृत व्यक्तियों का नाम और आधार नंबर दे सकता है। जिनके द्वारा पंजीकृत किसान की फसल खरीदी केन्द्र पर लाई जा कर विक्रय किया जा सकेगा।

---

निगम आयुक्त की सख्त हिदायत के बाद गठित टीम ने किया निरीक्षण

# फायर सेफ्टी की व्यवस्था की नब्ज टटोलने अस्पतालों एवं होटलों में पहुंचा ननि अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी






ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निगम प्रशासन द्वारा म सक्रियता के साथ कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बीते दिनों आयोजित समय सीमा की बैठक में निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में फायर सेफ्टी जांच हेतु गठित टीम के सदस्यों द्वारा शहर के दो अस्पतालों, सिनेमा घर सहित एक होटल का औचक निरीक्षण कर फायर सेफ्टी तथा निकासी आदि की व्यवस्थाओं की जांच परख मौके पर पहुंचकर की। इस दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, प्रभारी फायर अधीक्षक शैलेन्द्र दुबे, अंबिकेश तिवारी सहित गठित दल के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि टीम के सदस्यों ने बरगवां स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल, स्टार रिकवरी हॉस्पिटल, डीएलजे सिनेमा घर सहित होटल अरिंदम का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेट सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग आदि की जांच कर प्रबंधन को एक सप्ताह में दो शिफ्ट के लिए अलग अलग प्रशिक्षित ऑपरेटिंग स्टाफ नियुक्त कराते हुए सुरक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए।

फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट और फायर ऑडिट से संबंधित दस्तावेजों की जांच के दौरान पुष्पांजल हॉस्पिटल एवं स्टार रिकवरी हॉस्पिटल द्वारा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने पर सोमवार को निगम कार्यालय में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं डीएलजे सिनेमा घर के प्रबंधक द्वारा फायर अप्रूवल होना पाए जाने पर प्रबंधक को शीघ्र एनओसी लेने हेतु निर्देशित किया गया। जबकि होटल अरिंदम में फायर सेफ्टी के निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई।

कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि नए प्रतिष्ठानों के निर्माण से पूर्व नगर निगम से भवन निर्माण अनुमति लेना अनिवार्य है। भवन अनुमति के समय ही फायर प्लान परमिशन के लिए आवेदन करना आवश्यक होता है। व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार निरीक्षण कर फायर प्लान का अनुमोदन किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि फायर प्लान के अनुरूप भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद नगर निगम द्वारा फायर प्लान का सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, जो तीन वर्षों तक मान्य रहता है। हालांकि इन तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष फायर ऑडिट कराना अनिवार्य है। तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद समकालीन मानकों के अनुसार सेफ्टी सर्टिफिकेट का नवीनीकरण कराना आवश्यक होता है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अग्नि सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

---




# खाद्य सामग्री के परीक्षण संबंधी दी अहम जानकारी

**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी के द्वारा जिला पंचायत कटनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, जिला प्रबंधक एमपीडब्यू मे एलसी वाय. एस. सेंगर, खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारी के. एल. पाण्डेय, ओ.पी. दुबे सहित महिला विंग की पदाधिकारी उषा पाण्डेय, प्रीति सेनऔर उमा बहरे उपस्थित रही।

कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में घरेलू गैस सिलेण्डर एवं हितग्राहियों को ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने के संबंध में एवं घरेलू उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री का परीक्षण करने के तरीकों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के द्वारा पेनिक बुकिंग न करने के संबंध में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा उपभोक्ताओं के हित में विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुये उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। अन्त में खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

---

# पाठ्यक्रम में बदलाव के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आयुध निर्माणी विद्यालय को 2026-27 से सीबीएसई पाठ्यक्रमानुरूप संचालित करने के निर्णय को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा एक ज्ञापन सौंपते हुए,उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की अपेक्षा की गई है।

गौरतलब है कि आयुध निर्माणी कटनी के पूर्वी परिक्षेत्र में वर्षों से संचालित उच्चतर माध्यमिक शाला को चालू सत्र तक माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल से सम्बद्धता थी तथा मूलतः यह विद्यालय हिंदी माध्यम से संचालित होता आ रहा है। और तो और इस विद्यालय से अब तक हजारों-हजार विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है।

आयुध निर्माणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सत्र 2026-27 से सी. बी. एस. ई. पाठ्यक्रम द्वारा संचालित किए जाने का एकतरफा निर्णय लिया जा चुका है। एकपक्षीय थोपे गए निर्णय को पूरी तरह से अमलीजामा पहनाने की श्रृंख्ला में आयुध निदेशालय, कोलकाता(समन्वय एवं सेवाएँ) के निर्देशानुसार फील्ड यूनिट जबलपुर के उच्च अधिकारियों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के माता-पिता/अभिभावकों के साथ गत दिवस एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की सूचना मिलते ही ₹संयुक्त संघर्ष समिति₹, आ. नि. कटनी महासचिव संजय तिवारी ने इस विषय में अनेक अभिभावकों से मुलाकात करके उनका अभिमत लेने के बाद,संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाई।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने म. प्र. बोर्ड के सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालन में परिवर्तन के गुण-दोष,हानि-लाभ, पक्ष- विपक्ष का बेहतर मूल्यांकन करने के उपरांत आयुध निदेशालय कोलकाता को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। सौंपें गये ज्ञापन में उन्होंने जहाँ एक ओर इस परिवर्तन के पक्ष में लाभ बताए वहीं इस परिवर्तन के विपक्ष को अधिक प्रभावशाली बताया है।

संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन में सबसे अहम बोर्ड परिवर्तन के कारण फीस में वृद्धि को रेखांकित किया गया है क्योंकि अब तक इस विद्यालय में शिक्षा लगभग निःशुल्क थी। फीस वृद्धि से निम्न वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा तथा इस वर्ग के बच्चों की शिक्षा से वंचित रह जाने की संभावना बढ़ेगी। इसके अलावा

अंग्रेजी माध्यम में अचानक परिवर्तन होने से अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि,यह परिवर्तन क्षेत्रीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं हिंदी भाषा के प्रचार को कम करता है तथा बोर्ड परिवर्तन से दाखिला प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो सकती है।

---

## छात्र छात्राओं ने किया अमगवां में एक्सपोजर विजिट



मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद के छात्र-छात्राओं का ग्राम अमगवा में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने संजय लोधी की नर्सरी का अवलोकन किया। विजिट के दौरान संजय लोधी द्वारा तैयार किए गए आम एवं नींबू के बगीचे का निरीक्षण कराया गया तथा प्रतिभागियों को ग्राफ्टिंग तकनीक, ड्रिप सिंचाई पद्धति, मछली पालन, हाइब्रिड सब्जियों की नर्सरी तैयार करने तथा फूलों की खेती के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्रों ने कृषि एवं उद्यानिकी के उन्नत तरीकों को नजदीक से समझा और उनसे जुड़े अनुभव प्राप्त किए। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्री अरविंद शाह, मेंटर अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष कुमार तिवारी, विनोद सिंह, उमा अवस्थी, नवांकुर संस्था प्रभारी मनोज कुमार रैदास, संजय लोधी (प्रस्फुटन समिति अमगवा), इंद्रजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंदु यादव, शिल्पा राय सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी जयंती पर सिलौड़ी-नेगई में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



सिलौंडी और नेगाई में साहू समाज ने मां कर्मा देवी की जयंती पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली जो कि सिलौंडी शिव मंदिर झंडा चौक से सोसायटी मार्ग होकर बस स्टैंड से शिव चौक होकर मुख्य मार्ग से नेगाई के खेरमाता पहुंची।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या मे साहू समाज की महिलाएं , वरिष्ठ जन ,युवा और बच्चो की मौजदगी रही ।शोभायात्रा के समापन में मां कर्मा देवी के सामाजिक कार्यों को याद किया गया। मां कर्मा देवी बाई एक प्रसिद्ध भक्त और साहू समाज की आराध्य देवी हैं। उनका जन्म 1615 में राजस्थान के नागौर जिले के कलवा गांव में हुआ था। उनके पिता जीवनराम डूडी एक धार्मिक व्यक्ति थे और उनकी माता भी बहुत भक्तिमान थीं। मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की बड़ी भक्त थीं और उनकी सेवा में अपना जीवन समर्पित किया था। उन्होंने समाज के दीन-दुखियों की सेवा की।मां कर्मा देवी की जयंती चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। उनकी पूजा-अर्चना करने से भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है और समाज में शांति और समृद्धि आती है ।

इस दौरान सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार,पूर्व सरपंच गणेश साहू,सुशील साहू ,जगन साहू ,सेवा राम साहू ,डॉक्टर मन मोहन राय ,प्रह्लाद सेन ,अशोक साहू ,अजीत साहू ,नितिन साहू ,सचिन साहू ,प्रदीप साहू ,शुभम साहू , विकेश साहू ,शंकर लाल साहू घाना, संतोष साहू ,कोठी राम साहू ,रामबिहारी साहू सहित साहू समाज के वरिष्ठ

---

**शासकीय छात्रावासों मे प्रवेश के लिए प्रक्रिया, मासांत तक आवेदन**

# वंचित वर्ग के बालक बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करने के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-I एवं टाइप-III तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है। छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्यउ कक्षाओं की रिक्ता सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद सीट्स रिक्त रहने की स्थिति में द्विकतीय चरण के आवेदन की प्रक्रिवया शुरू होगी। यह 06 अप्रैल से 10 जून 2026 तक चलेगी।

छात्रावास में प्रवेश के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह आवेदन एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेन्टर के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://educationportal3.in पर जाकर करना होगा। इसके साथ ही यदि किसी अभिभावक/पालक/विद्यार्थी को आवेदन फॉर्म भरने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे संबंधित वार्डन के सहयोग से भी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

छात्रावासों में लक्ष्य के अनुसार 50, 100, 150, 175, 200, 220 तथा 275 सीटें उपलब्ध हैं। कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (टाइप-I) एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावासों में प्रवेश दिया जाता है। वहीं कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (टाइप-III) में प्रवेश की पात्रता होती है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्रावास की मार्गदर्शिका के अनुसार 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग की बालिकाओं के लिए निर्धारित हैं, जबकि 25 प्रतिशत सीटें गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवन-यापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं के लिए आरक्षित

---

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को दिया प्रशिक्षण

# प्रतिभागियों को दी जानकारी, प्रमाण पत्र किये वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जन अभियान परिषद कटनी के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केसवाल के निर्देशानुसार एवम् ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर योजनांतर्गत नवांकुर संस्था-बड़खेरा जनचेतना समाज सेवी समिति, सेक्टर बचैया 03 के अंतर्गत गठित प्रस्फुटन समितियो की क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत सभागार किरहाई पिपरिया में किया गया।

सेक्टर प्रभारी सरजू प्रसाद श्रीवास द्वारा अतिथियों एवम् उपस्थित सभी सम्माननीय जनों का परिचय कराया गया एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य व विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए समितियों की त्रैमासिक कार्यो की समीक्षा की गई। इसके बाद विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह के द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा (स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन) पर आधारित प्रेरणा दायक प्रसंगो के माध्यम से अवधारणा को प्रस्तुत किया गया। प्रेरणास्त्रोत अवधेश बैरागी (परामर्श दाता बहोरीबंद) ने समग्र ग्रामविकास की अवधारणा एवम् विभिन्न चरणों पर बात रखते हुए अपनी ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे करके ग्राम की छोटी-छोटी आवश्यकताओ एवं समस्याओं को खोजकर आपसी सहयोग से हल करने हेतु प्रेरित किया। जबकि स्वैच्छिक संगठनो का गठन एवं प्रबंधन पर नवांकुर संस्था सचिव सरजू प्रसाद श्रीवास के द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन व धारा 27-28 की जानकारी, चालान आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वहीं रामसिंह पटैल (परामर्श दाता) के द्वारा समितियों के दस्तावेजीकरण पर गंभीरतापूर्वक प्रकाश डाला गया एवम्-ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से आदर्श ग्राम हिबडे बाजार के विकास को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियो के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सेक्टर प्रभारी सरजू श्रीवास द्वारा अतिथियों एवम् उपस्थित सभी सम्माननीय जनों का आभार व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सुनीत मिश्रा (सरपंच किर पिपरिया), कंधी लाल नायक (सचिव), सुनीता विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार सोनी (पटवारी), मेंटर अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, दुर्गेश यादव, प्रस्फुटन समिति किरहाई पिपरिया से रामस्नेह रैदास मौजूद रहे।

---

# लोक अदालत में ननि को मिले 3 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर पालिक निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत के दौरान 3 हजार 850 करदाताओं ने अपनें बकाया करों के रूप में लगभग 2 करोड़ 99 लाख 12 हजार 930 रूपये की राशि जमा कर शासन द्वारा प्रदाय की जानें वाली छूट का भरपूर लाभ प्राप्त किया। निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्व से पूर्ण कराई जाकर प्रातः 10 बजते ही शिविर में पहुंचें करदाताओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया जाकर लोक अदालत की शुरूवात की गई। निगमायुक्त द्वारा शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। देर शाम निगमायुक्त ने खिरहनी एवं सुभाष चौक शिविर का निरीक्षण कर वहां उपस्थित नगारिकों से संवाद कर निगम की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने हेतु नागरिकों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

लोक दौरान पहुंचने वाले करदाताओं की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाकर उनकी शंकाओं एवं समस्याओं का भी स्थल पर ही निराकरण किया गया। निगमायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार गठित टीम के सदस्या बकायेदारों की सूची के माध्यम से उनके डोर टू डोर संपर्क कर लोक अदालत की छूट एवं शिविरों की जानकारी दी जाकर बकाया कर जमा करनें हेतु प्रेरित किया गया। लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्राप्त हो सके इस हेतु देर रात तक शिविरों का आयोजन जारी रहा। राजस्व अधिकारी ने बताया कि लोक अदालत के दौरान समस्त शिविर स्थलों से संपत्ति कर की कुल 2 हजार 576 रसीद काटी जाकर लगभग 1 करोड़ 69 लाख 12 हजार 930 रूपये जमा किए गए। वही जलकर की 1 हजार 274 रसीद से लगभग 1 करोड़ 30 लाख रूपये की राशि करदाताओं द्वारा जमा की जाकर मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

## तेज रफ्तार बोलेरो घर में घुसी, टपरा टूटा, एक लाख का नुकसान

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहटा में तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर एक घर की दीवार से टकरा गया, जिससे मवेशी बांधने का टपरा पूरी तरह टूट गया। घटना में करीब एक लाख रुपये का नुकसान बताया गया है। ग्राम बिलहटा निवासी शीतल आदिवासी (32) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 13 मार्च की रात करीब 9 बजे तेज आवाज सुनकर बाहर निकली तो एक बोलेरो वाहन घर की दीवार से टकराया मिला। वाहन चालक गांव का ही बेटा आदिवासी था, जो गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। वाहन का नंबर ड्च्3र्4 १ 1436 बताया गया है। पुलिस ने शनिवार की दोपहर 1:00 रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भजन-कीर्तन से ही संभव है कलियुग में भवसागर से पाररू धर्माधिकारी पं. भगवत कृष्ण जी महाराज

**पन्ना।** सुप्रसिद्ध कथावाचक और धर्माधिकारी पं. भगवत कृष्ण जी महाराज (सागर) ने ऐतिहासिक धर्मनगरी पन्ना पहुँचकर आराध्य देव श्री जुगल किशोर जी महाराज के दर्शन-पूजन किए। मंदिर प्राशंग में दर्शन के उपरांत महाराज श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भक्तिमय भजन-कीर्तन किया और सनातन धर्म संस्कृति में कीर्तन की महिमा पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने शास्त्रों के प्रमाण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा "यत्फलं नास्ति तपसा न योगेन समाधिनः। तत्फलं लभते सम्यक कलौ केशव कीर्तनात।।" अर्थात जो फल कठिन तपस्या, योग और समाधि से प्राप्त नहीं होता, वह कलियुग में केवल भगवान केशव (श्री कृष्ण) के संकीर्तन मात्र से सहज ही प्राप्त हो जाता है। उन्होंने जोर दिया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में कीर्तन ही मन की शांति और ईश्वर प्राप्ति का सरलतम मार्ग है। इस भक्तिमय अवसर पर महाराज श्री के साथ ग्वालियर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा एवं राम बिहारी गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत भाट खमरिया का मामला

# सिस्टम पर दर्ज लेकिन धरातल पर एक भी मजदूर मौजूद नहीं, जिम्मेदार अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा में जनपद मुख्यालय की नजदीकी ग्राम पंचायत भाट खमरिया में इन दिनों विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में न सिर्फ लापरवाही बरती जा रही है, बल्कि कागज़ों में मजदूर दिखाकर फर्जी तरीके से राशि निकाली जा रही है। जानकारी के अनुसार बाबा चौधरी के खेत के पास पारिफेरल पत्थर बांध निर्माण के कार्य में सिस्टम पर 83 मजदूरों की मास्टररोल दर्ज बताई जा रही है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि धरातल पर एक भी मजदूर काम करते हुए दिखाई नहीं दिया।





इससे पंचायत के कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ समय पहले पंचायत एजेंसी द्वारा गांव को साफ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नाली निर्माण और स्वच्छता से जुड़े कार्य कराए गए थे। लेकिन इन कार्यों में भी भारी लापरवाही बरती गई। आरोप है कि कई जगह पहले से बनी सीसी सड़क को ही नया निर्माण दिखाकर कार्य पूरा बता दिया गया। वहीं नालियों के निर्माण को लेकर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि कई स्थानों पर पहले से बनी नालियों को अधूरा ढक दिया गया, जिससे गंदगी जमा होने लगी है इस कारण ग्रामीणों को अब और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में जब सरपंच से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव में नाली निर्माण का कार्य कराया गया है और सभी कार्य नियमानुसार किए गए हैं। सरपंच का कहना है कि अगर किसी को काम दिखाई नहीं दे रहा है तो इसमें में कुछ नहीं कर सकता। वहीं पंचायत के इंजीनियर राजकरण वर्मा का कहना है कि आपके द्वारा मुझे इस मामले की जानकारी दी गई है। अगर ऐसी स्थिति है तो में मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा तब स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। वही ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ही इस तरह की लापरवाही करेंगे तो लोगों में भ्रष्टाचार और मिलीभगत की आशंका पैदा होना स्वाभाविक है।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल पंचायत में विकास कार्यों के लिए जब भी राशि स्वीकृत होती है तो उसका मूल्यांकन इंजीनियर द्वारा किया जाता है, उसके बाद ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी होती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या शासन द्वारा दी गई लाखों रुपये की राशि इसी तरह घटिया निर्माण कार्यों और फर्जी मजदूरों के नाम पर खर्च की जा रही है।

# तेंदूखेड़ा में गर्मी ने दिखाए तेवर, ठंडे पदार्थों एवं देसी मटकों की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। वहीं गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पदार्थों का अधिक सेवन कर रहे हैं, जिसके चलते बाजार में ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री में भी तेजी आ गई है। नगर के विभिन्न बाजारों और चौक-चौराहों पर ठंडे पेय पदार्थ, शरबत, लस्सी, गन्ने का रस और ठंडा पानी बेचने वाले दुकानदारों के यहां ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग में काफी इजाफा हुआ है। इसके अलावा देसी मटकों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। लोग अपने घरों में ठंडा और शुद्ध पानी पीने के लिए मटके खरीद रहे हैं, जिससे कुम्हारों के व्यवसाय को भी बढ़ावा मिल रहा है। गर्मी के प्रभाव के चलते अब नगर के कई घरों में कूलर भी चलने लगे हैं। शाम होते ही लोग अपने घरों में कूलर और पंखों का सहारा लेकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं बिजली की खपत में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इधर नगर में बढ़ती गर्मी के साथ मच्छरों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। कई वार्डों में नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं और नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ गई है, जिससे लोगों में बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई कराई जाए और मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और रोकथाम के उपाय नहीं किए गए तो गर्मी के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

## पत्नी-भाई ने मिलकर मजदूर की कर दी पिटाई डंडे से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

अमानगंज।

थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती में पारिवारिक विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पत्नी और छोटे भाई द्वारा मिलकर मजदूर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अमानगंज में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार राकेश उर्फ राजू कोरी (40 वर्ष) निवासी ग्राम हिनौती अपने भांजे आकाश कोरी के साथ थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है और परिवार में दो भाई हैं, जिनमें छोटा भाई जयप्रकाश कोरी अलग रहता है। फरियादी के अनुसार 14 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे वह घर में बैठकर अपनी मां से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी सरोज कोरी वहां आई। उसने पत्नी से घर की संध्या अगरबत्ती करने और छोटे भाई जयप्रकाश के घर में रहने की बात पूछी, जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान सरोज कोरी ने बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इसी बीच छोटा भाई जयप्रकाश कोरी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए फरियादी पर हमला कर दिया। डंडे से एक वार दाहिने पैर की गठान पर और दूसरा पीठ पर किया गया। फरियादी के शोर मचाने पर हरि सिंह राजपूत और महेंद्र रेले मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय जयप्रकाश ने धमकी दी कि यदि उसने दोबारा उसकी पत्नी से कुछ कहा तो जान से खत्म कर देगा।

# एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रन सिंह परमार का आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** वरिष्ठ गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता , अंतरराष्ट्रीय जन संगठन एकता परिषद के संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रन सिंह परमार जी का 72 वर्ष की आयु में सासा होली - तिल्दा छत्तीसगढ़ में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के पश्चात हृदय गति रूकने के चलते आकस्मिक निधन हो गया है। उनके पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से लोगों के अंतिम दर्शन हेतु पहले महात्मा गाँधी सेवा आश्रम जौरा-ग्वालियर लाया गया। उसके पश्चात शनिवार को परिजनों, एकता परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पीव्ही राजगोपाल जी, जिल बहिन एवं देश भर के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मृगपुरा जिला मुरैना मध्यप्रदेश मे किया गया। म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक एवं वर्तमान दमोह जिला अध्यक्ष सुजात खान ने बताया कि डॉ. रन सिंह परमार जी विख्यात गांधीवादी विचारक आदरणीय डॉ. एसएन सुब्वा राव जी के शिष्य, नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय सचिव, महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के सचिव, गांधी भवन भोपाल के ट्रस्टी होने के अलावा चम्बल घाटी के लगभग 600 बागियों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने में अहम भूमिका अदा करने वाले एक महान साहसी सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। एकता परिषद के बैनर तले देश दुनिया मे होने वाले इस सदी के सफलतम अहिंसावादी महान आन्दोलन जनादेश 2007- जन सत्याग्रह 2012- जन आन्दोलन 2018 के एक कुशल संयोजक एवं सूत्रधार भी थे। डॉ रन सिंह जी



समाज परिवर्तन की दिशा मे पिछले 50 वर्ष से अधिक समय से देश मे वंचितों को जागरूक कर उन्हें सम्मान एवं अधिकार दिलाने सक्रिय थे। श्री रन सिंह परमार जी के आकस्मिक निधन पर सामाजिक कार्यकर्ता सन्तोष भारती, नरेंद्र दुबे, पं.मनु मिश्रा, प्रदीप खटीक, नन्दलाल सिंह, केएल विश्वकर्मा, सन्देश बंसल, ओपी तिवारी, देवेन्द्र दुबे, रजनी सिंह, अयोध्या प्रसाद, घनश्याम प्रसाद रैकवार, भूपेंद्र सिंह, बलराम पटेल, शिवलाल आदिवासी, रक्कू आदिवासी, मानसिंह यादव, सहाबुद्दीन खान, संतोष कला मंच मलखान सिंह सहित जिले भर के ग्रामीण संगठनों के मुखिया साथियों ने गहरा शोक व्यक्त कर श्रृध्दांजलि अर्पित की है।

# इबादत और तालीम में उत्कृष्ट बच्चों का हुआ सम्मान

## मुल्क की तरक्की व अमन के लिए की गई खास दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

पवित्र रमज़ान माह की बरकतों और रूहानी माहौल के बीच मस्जिद मुजद्दिद अल्फेसानी, तेजगढ़ में नन्हे रोज़दारों एवं अरबी-उर्दू तालीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर दीनियत और भाईचारे की भावना से सराबोर नजर आया। समारोह में अरबी-उर्दू शिक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्रों में रेशमा, इसरत, आरज़ू, शिफा, समायरा, शकीला, रुखसार, कशिश एवं अनम के



अभिभावकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस वर्ष गाँव के अस्सी फीसद लोगों ने रमजान के रोजे रखे। इसी क्रम में पूरे रमज़ान माह में नियमित रूप से रोज़े रखने तथा पूरी तरावीह अदा करने वाले नन्हे रोज़दारों में आहिल, मुईनुद्दीन, अरहान एवं सलमान को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने बच्चों के इस जज़्बे और दीन के प्रति उनकी लगन की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में इबादत और अनुशासन की आदत उन्हें भविष्य में एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पेशइमाम अहमद अली आफाकी ने कहा कि धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को अपनाना समय की आवश्यकता है। नई पीढ़ी यदि दीन और दुनिया दोनों की तालीम हासिल करे तो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। समारोह के दौरान मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारे, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष सामूहिक दुआ की गई, जिसमें सभी लोगों ने एकजुट होकर देश की उन्नति और सामाजिक सद्भाव की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अहमद अली आफाकी सीवान, मुफ़्ती खालिद सीवान, फरमान खान गुड्डू, सप्पी शाह, अय्यूब झलोन, हनीफ पोस्टमैन, डॉ. आज़ाद, जलील पोस्टमैन एवं शोएब पठान सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दुआ करते हुए समाज में शिक्षा, नैतिक मूल्यों और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे के पोस्टर विमोचन के साथ शूटिंग हुई शुरू, तालाब घाट और पार्क क्षेत्र को किया स्वच्छ

# नारी शक्ति के साथ टीम उम्मीद का 19वां स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ नारी शक्ति टीम उम्मीद द्वारा 19वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान बेला तालाब पार्क में उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। इस अभियान के अंतर्गत टीम की महिलाओं और शहर के जागरूक नागरिकों के साथ टीम उम्मीद के लोगों ने मिलकर तालाब के घाट और आसपास के पार्क क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन और अन्य गंदगी को हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। महिलाओं ने



झाड़ू लगाकर और कचरा एकत्रित कर क्षेत्र को साफ-सुथरा किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान नर्मदा एकता सिंह ने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसी प्रकार सीमा जाट ने कहा नारी शक्ति टीम उम्मीद लगातार शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक अभियान चलाएगी और लोगों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित भी करेगी। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल ने दमोह के नए स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे का पोस्टर विमोचन नारी शक्ति से मिलकर करवाया। दमोह में यह पहली बार है जब किसी गीत का पोस्टर विमोचन महिला शक्ति ने किया हो। विमोचन के साथ ही इस गीत की शूटिंग भी शुरू हो गई। ज्ञात हो विगत वर्ष भी ओम शिव शक्ति फिल्म इंटरनेशनल के बैनर तले हरीश पटेल ने मत करो ना यार गीत शहर को समर्पित किया था। इस नारी शक्ति विशेष स्वच्छता अभियान में नर्मदा एकता सिंह, सीमा जाट, नैना तिवारी, डाली कटारे, अभिलाषा पांडेय, सुनीता मेशराम, सुचिता शर्मा, नैन्सी जाटव, कुमकुम पाटकर, काजल पांडे, रश्मि कोरी, नीलम सैनी, सरिता सैनी, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वय सुशील नामदेव, एनआईसी अधिकारी योगेंद्र सिंह, सैडमैप जिलधिकारी पीएन तिवारी, कृष्णा पटेल, महेंद्र सिंह लोधी, धर्मेंद्र सोनी, मनीष पटेल, महेंद्र ताम्रकार, बालक नैतिक सोनी, देवांश सैनी, ओम शिव शक्ति फिल्म्स इंटरनेशनल की शूटिंग टीम से ड्रोन ऑपरेटर निशांत तिवारी, सहायक निर्देशक देवेश चौबे, मोहित सिंह ठक्कर की मौजूदगी रही।

## प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारी संबंधी बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल नगर मंडल, दमोह में आगामी दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यशाला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। बैठक में मंडल महामंत्री अरूण सोनी, महेंद्र अहिरवार, नगर उपाध्यक्ष आशीष राय, देवल कटारिया, नगर मंत्री राहुल पाठक, कोषाध्यक्ष हरिशंकर पाठक, सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे, सह मीडिया प्रभारी अशोक कंचन के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

## तैलिक बंधुओं ने भरी हुंकार, मां कर्मा की जय-जयकार, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज के प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कार बैण्ड बाजों और डी.जे. पर जमकर झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह





साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1010वीं रनेह मे 13वीं जयंती हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार में मां कर्मा की पूजा अर्चना पुजारी सुजान कुसमया जी ने की। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो मंदिर मस्जिद चौराहा, आसमानी माता, चण्डी जी मंदिर, वृंदावन बिहारी जू की शाला एवं नया बाजार से बस स्टैण्ड होते हुए कौशलाधीश दरबार पहुंची। शोभायात्रा में सबसे आगे डी.जे. पर नाचते गाते युवक युवतियां इसके बाद मां कर्मा की झांकी, फिर बैण्ड बाजों की टोली के साथ ही भारी संख्या में समाज के महिला और पुरूष चल रहे थे। शोभायात्रा में चल रही मां कर्मा देवी की जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा में अनेक जगह जलपान, फल फूल की व्यवस्था शोभायात्रा में रही। कौशलाधीश मंदिर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सत्येंद्र तुलाराम साहू 'ने करो' प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साहू समाज, मोतीलाल साहू कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग, एड. संजय साहू हिंडोरिया, गुड्डा साहू कार्यवाहक अध्यक्ष दमोह, चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह, डॉ रामनारायण कुसमया, प. रामसुमंत मिश्रा, माखन राठौर, लकी साहू, सौरभ साहू दमोह, श्रीराम प्रजापति, जे पी राजा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां कर्मा की सामूहिक रूप से आरती की। तत्पचात मंचासीन अतिथियों का स्वागत साहू समाज द्वारा किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में सौम्या अखलेश साहू, आरती राजेश साहू, वसुंधरा भगवत साहू कक्षा 12वीं एवं नितिन रामचंद्र साहू, ओम राजेश साहू ने कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सत्येंद्र तुलाराम साहू ने अपने वक्तव्यों में कहा कि छोटे छोटे बच्चे इस मंच से जो प्रतिभा देखने मिल रही है इस प्रकार की प्रतिभाएं बड़े मंच की आकांक्षी हैं। साथ ही कहा कि इस गांव के प्रेम ने हमे आजीवन अतिथि बना लिया है साहू समाज आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने मां कर्मा के आराध्य श्री कृष्ण के द्वारा गीता के सार कर्म की प्रधानता को महत्व दिया है अगर हम सभी जिस जगह और जिस रिश्ते में हैं जो भी हमारा कर्तव्य है उसे पूरी ईमानदारी निष्ठा और योग्यता से निभाए केवल इतना ही योगदान देकर हम अपनी समाज और देश में अच्छी जगह बना सकते है। समाज के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कानून संबंधित जानकारी देते हुए उपस्थित जन समूह को साइबर क्राइम, सुरक्षा पर प्रकाश डाला। 13 से 19 वर्ष के बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए सबसे अच्छे मित्र पर गौर करने की बात कही।

मोतीलाल साहू कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग आज जो मै यहां खड़ा हूं वो साहू समाज की बदौलत हैं आगे कहा कि कि अगर आपने शिक्षा को पकड़ लिया तो जिंदगी के लक्ष्य की प्राप्ति कर लोगे। हमारा समाज साहुकारिता के नाम पर जाना जाता है साथ ही कर्मा देवी के समर्पण पर विस्तृत जानकारी दी। लोग हमारे समाज का व्यवहारिकता के लिए उदाहरण देते हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंचासीन अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह और श्रीफल से किया गया। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गजेन्द्र साहू, अभिषेक राज नायक द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतिम सोपान में दिवंगत स्व. गनपत साहू, स्व. तुलसीराम साहू, स्व. प्रेमी साहू के लिए समाज द्वारा शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त साहू समाज के साथ ही नयागांव, सकौर, निमरमुण्डा, रमपुरा, पिपरिया, भैंसा, बंधा, सटवा, के सामाजिक बंधुओं की सराहनीय उपस्थिति रही। संपूर्ण शोभा यात्रा के दौरान चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह हमराही स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बीएम दुबे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एसबी सिंह ने संघ संविधान में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए बीएम दुबे को दमोह जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, इस नियुक्ति पर राकेश सिंह हजारी, सत्यनारायण तिवारी, महमूद सिद्दीकी, केआर पांडेय, सुरेंद्र सिकर्रा, डॉ. मोहन आदर्श, सुरेंद्र राय, प्रमोद अहिरवार, संजीव जैन, शंकर सिंह, हेमंत शुक्ला, रंजीत ठाकुर, इरफान, हलीम सिद्दीकी आदि ने बीएम दुबे को बधाई दी है।

### परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से संभव है- पं संजय शास्त्री

**दमोह।** नगर समीपी सिद्ध धाम हनुमान मंदिर खेजरा धाम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य संजय शास्त्री जी द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। यह देख माता यशोदा श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर , गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं।

### नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते से आपसी विवादों का हुआ अंत

# न्यायालय में लंबित 438 प्रकरणों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से दिनांक 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में श्री सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी द्वारा ए.डी.आर. भवन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट सुश्री स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह श्री कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार खत्री, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय श्री एस.एन. ओझा, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ श्री दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ श्री विष्वनाथ बिल्थरे सहित न्यायालयीन व विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी ने संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष की इस प्रथम लोक अदालत के सफल होने हेतु मोटर दुर्घटना व चैक बाउंस के प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देष दिये गये थे, जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की गयी हैं। प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है। आषा है कि यह लोक अदालत सभी के सहयोग से सफल होगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह से मिली EKसूचना से ज्ञात हुआ है कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 13 प्रकरणों में राषि 11685000 रूपये के अवार्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 84, वैवाहिक के 18, चैक अनादरण के 40 एवं दांडिक के 43 प्रकरणों सहित कुल 438 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर कुल 349526973 रूपये के अवार्ड पारित किये गये। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के कुल 742 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 6304160 रूपये से अधिक की वसूली की गई।

### लोक अदालत में बार्डर के सैनिक को मिला न्याय

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय में लंबित प्रकरण में चैक बाउंस के केश में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय श्री सुभाष सोलंकी व सुलहकर्ता अधिवक्ता के द्वारा समझाईष दिये जाने पर आपसी राजीनामा कर अपने प्रकरण को खुषी-खुषी समाप्त किया। न्यायालय में लंबित चैक बाउंस के केश में उभय पक्ष ने चर्चा के दौरान व्यक्त किया कि उसके पति बी.एस.एफ. में कार्यरत थे कारगिल युद्ध के दौरान वे घायल हो गये थे, जिससे उनके पैर में स्थायी रूप से विकलांग हो गये हैं। इसी प्रकार अभियुक्त ने बताया कि उसकी पत्नि विकलांग है तथा वे स्वयं भी बीमार है। प्रकरण में राजीनामा की गुंजाइष को देखते हुए न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण को नेशनल लोक अदालत में रखा गया और दोनों पक्षों को चर्चा हेतु आहूत किया गया माननीय न्यायाधीश एवं सुलहकर्तागण ने पक्षकारों को लोक अदालत के संबंध में समझाईश दी कि लोक अदालत में निराकृत होने से उनके प्रकरण का शीघ्र निराकरण हो जायेगा तथा धन व समय की बचत भी होगी। इस प्रकार पक्षकारों में समझाईश के परिणामस्वरूप राजीनामा करने पर सहमति व्यक्त की और उभय पक्ष द्वारा लिखित राजीनामा आवेदन प्रस्तुत कर प्रकरण को समाप्त किया। दोनों पक्षों को न्यायाधीषगण द्वारा स्मृति के रूप में फलदार पौधे दिये गये।

### कुटुम्ब न्यायालय ने किया बिछड़ों को एक, उपहार में दिए न्याय वृक्ष

कुटुम्ब न्यायालय में लंबित प्रकरण में पति-पत्नि के द्वारा माननीय प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर व सुलहकर्ता अधिवक्ता के द्वारा समझाईष दिये जाने पर आपसी राजीनामा कर अपने प्रकरण को खुषी-खुषी समाप्त किया।



न्यायालय में लंबित भरण पोषण के एक प्रकरण में पत्नि के द्वारा पति के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत कर स्वयं एवं अपने बच्चे के लिये भरण पोषण राषि की मांग की गई थी। प्रकरण में राजीनामा की गुंजाइष को देखते हुए न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण को लोक अदालत में रखा गया और दोनों पक्षों को चर्चा हेतु आहूत किया गया चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ 2022 में विवाह हुआ था किंतु पति द्वारा प्लेटिना मोटरसाइकिल की मांग पर से पति पत्नि में विवाद बढ़ गया और अप्रैल 2025 से पत्नि मायके में रहने लगी और जिसके कारण दोनों अलग-अलग रह रहे है न्यायालय द्वारा समझाइष दिये जाने पर एवं बच्चे का भविष्य देखते हुए वे एक साथ रहने तैयार हुए और न्यायालय में एक दूसरे को माला डालकर विदा हुए, दोनों पक्षों को न्यायाधीषगण द्वारा स्मृति के रूप में फलदार पौधे दिये गये। यह नेशनल लोक अदालत सभी न्यायाधीशों एवं सभी अभिभाषक बंधुओं, जिला प्रशासन, पत्रकार बंधुओं जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टॉफ के सहयोग से सम्पन्न हुई। श्री मनीष नगाइच, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल दमोह ने सभी के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# चार माह से रोजगार सहायक मानदेय और मजदूरी के लिए भटक रहे मजदूर



### मनरेगा के खाते खाली, सरकारी दावों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश में एक ओर जहां विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अंचल के ग्रामीण इलाकों से बदहाली की तस्वीरें सामने आ रही हैं। शासन की खस्ता माली हालत का सीधा असर अब समाज के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ने लगा है। पिछले चार महीनों से पंचायत में रोजगार सहायकों को मानदेय नहीं मिली है, जिससे उनके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। हटा जनपद के रोजगार सहायकों का कहना है कि चार महीनों से मानदेय का भुगतान न होने के कारण दवाइयों और राशन तक के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सरकार की खस्ता आर्थिक स्थिति का एक और प्रमाण मनरेगा के भुगतान में हो रहा विलंब है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों की मजदूरी का भुगतान चार पांच महीनों से लंबित है। हटा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के मजदूरों ने बताया कि नवंबर माह में निर्माण का कार्यों मैं मजदूरी की थी कार्य भी पूर्ण हो चुके है। काम खत्म हुए महीनों बीत गए, लेकिन मजदूरी की राशि आज तक उनके बैंक खातों में नहीं पहुंची है। अंचल की प्रत्येक ग्राम पंचायत की यही कहानी है। क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार वैसे ही सुस्त है। पंचायतों में कई महीनों से निर्माण एवं विकास कार्य लगभग ठप हैं। यदि मनरेगा मद से इक्का-दुक्का छोटे काम शुरू भी किए जाते हैं, तो भुगतान में हो रही देरी, मजदूरों का उत्साह तोड़ रही है। मजदूरों का कहना है कि हाथ तो काम कर रहे हैं, पर पेट को मजदूरी का इंतजार है। मजदूरी न मिलने के कारण ग्रामीणों में सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ असंतोष पनप रहा है।

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती धूमधाम से मनाई



**दमोह ।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती धूमधाम से मनाई गईं .दमोह नगर में साहू धर्मशाला बड़ापुल में हवन पूजन सुबह 8:00 बजे हुआ.जलूस शोभायात्रा सुबह 10बजे से आरम्भ हुई.शोभायात्रा बड़ापुल से धगट चौराहा, घंटाघर, बकोली, पुराना थाना महाकाली चौक होते हुए बापिस साहू धर्मशाला में समापन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण दोपहर 1 बजे बजे से आरम्भ हुआ प्रसाद वितरण चूल से सपरिवार भंडारा सम्पन्न हुआ.मां भक्त शिरोमणि कर्मा देवी जयंती समारोह सम्पूर्ण जिले में दमोह, रनेह, हिण्डोरिया, हटा, नरसिंहगढ, बटियागढ, तेंदूखेड़ा, अभाना, तेजगड, नोहटा सहित कई जगह में धूमधाम से मनाई गई .भव्य शोभायात्रा में स्वजातीय बंधु माताएँ बहने भक्तिमयता से झूमते झामते शामिल हुए. विभिन्न जगहों पर सर्व समाज द्वारा स्वागत किया गया.दमोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र तुलाराम साहू, संतोष साहू, नगर अध्यक्ष कल्पेश साहू,रितेश साहू, लकी साहू,अन्नू साहू, गुड्डा साहू,सौरभ साहू, रिंकेश साहू, विक्रम साहू, माखन साहू, बटिया गढ में भगवतीशरण साहू, रनेह में नायक श्याम साहू, राजेश साहू, नरसिंहगढ में संतोष मोदी, हिण्डोरिया में जिलाध्यक्ष एड संजय साहू कमल साहू,नरेश साहू, बबलू साहू हरिशंकर साहू ने सभी स्वजातीय बंधुओ के साथ जयंती मनाई ।

# परिचय सम्मेलन में हंगामा प्रदर्शन, पुलिस पहुंचने पर शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



निजी मैरिज गार्डन में राधिका फाउंडेशन सेवा समिति द्वारा आयोजित सर्व समाज विवाह परिचाय सम्मेलन के दौरान रविवार दोपहर हंगामा के हालत निर्मित हो गए। जबलपुर रोड पर प्रदर्शन तथा चक्का जाम के साथ हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को मैरिज गार्डन के अंदर पहुंचाया तथा आयोजन कर्ताओं से देर तक चर्चा कराके लोगों की शिकवा शिकायतों को दूर करने का प्रयास किया जाता रहा। वही ग्यारह सौ में कुवारों को शादी का ख्वाव दिखाने वाले खाटू श्यामजी के नाम पर मैरिज ब्यूरों फर्जीवाड़ा करने वालों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए जल्द सभी की राशि वापिस करने के निर्देश दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार और राधिका फाउंडेशन सेवा समिति के द्वारा दमोह के नर्मदा धारा मैरिज गार्डन परिसर में रविवार 15 मार्च को सर्व समाज विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसके लिए वर पक्ष से पंजीयन कराने के लिए ग्यारह ग्यारह सो रुपए की राशि पूर्व में ही जमा कर ली गई थी। लेकिन इसकी रसीद किसी को नहीं दी गई थी। करीब दो-तीन महीने से सर्व समाज सामूहिक परिचय सम्मेलन के प्रचार प्रसार के चलते हजारों की संख्या में दमोह जिले तथा आसपास के क्षेत्र के हजारों कुंवारे युवकों ने अपना पंजीयन इस उम्मीद के साथ कराया था कि परिचय सम्मेलन में उन्हें मनपसंद लड़की देखने को मिलेगी तथा उससे संबंधित तय होने पर आयोजन समिति द्वारा विवाह कराने के साथ घोषित उपहार दहेज की सामग्री निशुल्क प्रदान की जाएगी।

रविवार को पंचायत सम्मेलन शुरू होने के पहले ही विभिन्न समाजों की सैकड़ो युवकों के साथ उनके परिजनों की भीड़ नर्मदा धारा मैरिज गार्डन में पहुंच गई थी। लेकिन युवकों के मुकाबले में युवतियो की संख्या नाम मात्र की ही रहने से हंगामा के हालत बना शुरू हो गए। इस दौरान भीड़ बढ़ने के साथ व्यवस्था में कमी साफ झलकने लगी यहां तक की पीने के पानी के ठीक से इंतजाम नहीं होने से भीषण गर्मी में लोग परेशान होने लगे। इधर जैसे तैसे आयोजको के द्वारा मंच से परिचय सम्मेलन शुरू कराया गया। एक-एक करके परिचय देने के लिए लड़के तो आते रहे लेकिन लड़कियों के नहीं पहुंचने से कुंवारों के सब्र का बांध टूटने लगा। लोगों ने लड़कियों को मंच पर बुलाया जाने तथा परिचय के साथ संबंध तय कराए जाने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान लड़कियों की कमी के चलते आयोजक बेबस नजर आए। उपरोक्त हालत की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे कुछ मीडिया कर्मियों को व्यथा कथा सुनना शुरू कर दी और इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर शुरू हुए हंगामा के हालात सड़क के बाहर प्रदर्शन में बदल गए। लोगों की भीड़ में दमोह जबलपुर मुख्य रोड पर जाम लगा दिया जिससे दोनों तरफ भावनाओं की कतारे लग गई। इधर हंगामे की जानकारी लगने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाएं देते हुए कार्यक्रम स्थल के अंदर भेजा गया। जहां हंगामा कर रहे लोगों से चर्चा के बाद आयोजिकों से भी चर्चा की गई और समझाइस के साथ मामले को शांत करने का प्रयास किया गया। इस दौरान आयोजन कर्ता अपनी सफाई देते हुए इसे सिर्फ परिचय सम्मेलन बताते नजर आए। वही पंजीयन राशि की रसीद नहीं दिए जाने की बात स्वीकार की गई वहीं संबंध तय होने के बाद विवाह के दौरान उपहार में दी जाने वाली सामग्री को भी दिए जाने की बात कही गई। लेकिन शाम 7 बजे तक एक भी संबंध तय नहीं हो पाने की जानकारी सामने आती रही। वहीं पास में ही स्थित एक अन्य मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के पहुंचने की वजह से पुलिस प्रशासन यहां पर हंगामा रोकने के लिए लगातार सक्रिय बना रहा। वही ग्यारह सौ में कुवारों को शादी का ख्वाव दिखाने वाले खाटू श्यामजी के नाम पर मैरिज ब्यूरों फर्जीवाड़ा करने वालों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए जल्द सभी की राशि वापिस करने के निर्देश दिए है।

### शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने किया आदेश जारी

# वर्षों से कार्यरत शिक्षकों की पात्रता परीक्षा लेने से शिक्षकों में आक्रोश

**हटा।** प्रदेश में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू होने जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षकों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद जहां मध्यप्रदेश सरकार ने भी शिक्षकों को परीक्षा देने के लिए उचित माना है। तभी तो विभागीय अधिकारियों ने निर्देश भी जारी कर दिये। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार जिन शिक्षकों ने आधी उम्र की सेवायें पूर्ण कर ली अगर परीक्षा में पास नहीं होते तो अधर में ही सेवा समाप्ति को लेकर अटकलों का दौर चर्चाओं में व्याप्त है वहीं सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि उस समय जब शिक्षकों की नियुक्तियां की गई तब नियमों के मापदण्डों को लेकर सरकार ने क्या उचित माना था। वहीं सरकार के जिम्मेदार अधिकारी जैसे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों के नियुक्ति के आदेश जारी किये जाने को लेकर बताया जा रहा है। अंततः बीसों वर्ष सेवाओं के बाद अब अचानक एक बार फिर परीक्षा के दौर से गुजरने को लेकर शिक्षकों में निश्चित तौर पर कहीं न कहीं परीक्षा पास करने को लेकर अब जो हालात बन चुके है उसमें किस तरह से परीक्षा होगी कौन सी प्रणाली अपनाई जायेगी। वहीं उस समय का परीक्षा का स्तर अब परीक्षा में किस हालात से शिक्षक सफल होगें यहां कई तरह की अटकलों का दौर जारी है। इतना ही नहीं एक समय पर शिक्षकों का वर्ग जो अपनी पेंशन की लड़ाई लड़ रहे थे अब टेंशन परीक्षा की यानि यह साफतौर पर सामने अब सेवा बचाने के लिए अपनी पात्रता परीक्षा पास करने के लिए सरकार ने जो आदेश जारी किये है इससे शिक्षकों में पेंशन नहीं बल्कि टेंशन के हालात पैदा हो गये है। वहीं शिक्षकों के परिवारों का गुजारा भी संकट के दौर को लेकर माना जा रहा है। निश्चित ही जहां एक समय पर गुरूजी लोगों को शासकीय सेवा में सरकार ने ही दायित्व निभाने के लिए उचित माना अब परीक्षा देने के लिए भी सरकार उचित मान रही है। वहीं माननीय सर्वोच्च न्यायाल के कई निर्णय जैसे मुफ्त में राशन प्रदान करना उस पर भी सरकार के लिए उचित नहीं ठहराया गया पर सरकार राशन प्रदान करना मुफ्त में उचित मानती है। वहीं पेंशन को लेकर भी जहां कई बार संघर्ष जिला से लेकर राज्य व केन्द्र सरकार तक अपनी मांग जो शिक्षकों ने व अन्य कर्मचारी अधिकारियों ने मांग की थी कहीं उसका परिणाम तो नहीं। आज जो हालात शिक्षकों के सामने पात्रता परीक्षा पास करने के लिए उचित माना जा रहा है। वैसे तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के कई अहम फैसले जिनको सरकार लागू करने के लिए कब-कब पालन करने को लेकर तत्परता सामने आई पर यहां शिक्षकों की परीक्षा कराये जाने को लेकर जरूर तत्परता नजर आ रही है। देखना यह है कि अब शिक्षकों के हालात परीक्षा पास या फेल कैसे शासकीय सेवा का शेष कार्यकाल जो बचा हुआ है वह तय होता है कि नहीं, लेकिन शिक्षकों को अब पेंशन की जगह टेंशन जरूर मिलने वाली है।

# शादी समारोह में आए युवक की सुनार नदी में डूबने से मौत



**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहगढ़ में सागर का एक युवक अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए आया था। रविवार दोपहर वह गांव में ही सुनार नदी में नहाने पहुंच गया। जहां गहरे पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है क्योंकि अभी दूल्हे की बारात भी वापस नहीं आई और इसके पहले घर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ़ की ग्वाल मोहल्ला निवासी रामू बंसल के बेटे नीलेश बंसल की 14 मार्च को शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए सागर जिले के परसोरिया से बाबू उर्फ कृष्णा पिता शंकर बंसल 23 अपने परिवार के साथ आया था। शनिवार को बारात निकल गई थी, लेकिन बाबू नरसिंहगढ़ में ही रुक गया था। रविवार को वह नहाने के लिए सुनार नदी चला गया। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने उसे डूबता देख तो तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला। ऑटो रिक्शा में लेकर जिला अस्पताल के लिए आ रहे थे तभी रास्ते में एक कार चालक ने मानवता दिखाते हुए उसे अपनी कार में लिटा लिया और जिला अस्पताल पहुंचा। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने युवक बाबू को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया है और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। जिस घर की शादी में शामिल होने के लिए युवक आया था उस घर के लोग भी घटना के बाद काफी दुखी है। क्योंकि वह वर वधू के वापस आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इसके पहले ही शादी में शामिल हुए उनके ही एक रिश्तेदार की मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### एसडीआरएफ की टीम कर रही रेस्क्यू

दमोह जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हिंगवानी गांव में सुनार नदी में नहाने गया युवक शनिवार दोपहर नदी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने उसके बाहर आने का इंतजार किया और जब वह बाहर नहीं आया तो तत्काल बटियागढ़ थाना पुलिस और एसडीआरएफ टीम को घटना से अवगत कराया। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है और युवक की खोज के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया, लेकिन शाम 4:00 बजे तक युवक का कोई सुराग नहीं लगा। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। जानकारी के अनुसार दिनेश पिता नारायण सिंह लोधी 28 निवासी हिंगवानी थाना बटियागढ़ रोजाना की तरह सुबह करीब दस बजे सोनार नदी में नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया जिसे कुछ लोगों के द्वारा देखा गया। नदी की गहराई करीब 30 फुट बताई जा रही है यहां 12 महीने पानी भरा रहता है। पानी भराव अधिक होने के कारण युवक काफी देर बाहर नहीं निकला।स्थानीय लोगों ने उसे नदी में नहाते हुए देखा था। जब वह काफी देर बाहर नहीं निकला तो तत्काल ही बटियागढ़ थाना पुलिस को सूचित किया गया और दमोह में एसडीआरएफ को अवगत कराया गया। एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्राची दुबे ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही तत्काल टीम सुनार नदी पहुंच गई थी। युवक की खोज के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। डीप ड्राइवर के द्वारा नदी में काफी गहराई तक उसकी खोज की गई, लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं लगा है। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी के पास पहुंच गए हैं। इसके अलावा पुलिस भी मौके पर मौजूद है और भीड़ को नदी से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फतेहपुर में मनाई गई भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती, उमड़ा जनसैलाब



**पटेरा।** फतेहपुर ग्राम में माता कर्मा जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें डीजे बाजों एवं आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में भरत पटेल, बिलगुआ सरपंच भगवत पटेल, डॉक्टर सत्यम सिंह राजपूत,कोटा से पंचम नायक,पप्पू नायक, कुंडलपुर से भगवान दास साहू,परसोत्तम साहू,रामकुमार साहू(अध्यक्ष), अरविंद साहू(उपाध्यक्ष), गणेश साहू(कोषाध्यक्ष),मदन साहू, भागीरथ साहू,अशोक साहू, सीताराम साहू, संदीप, सोनू, सुनील, कपिल, राहुल(mpeb), अंकित, अभिषेक, नितिन, महेंद्र, भोला, जगदीश, दिनेश, सचिन, आनंद, और साहू समाज बहुत से समाज के लोग शामिल हुए।